Headline: Future leaders of healthcare analytics sector will be trained

Print Coverage:

Date	Publication	Page No.	Edition
15.01.2024	Dainik Bhasker (City Bhasker)	01	Jaipur

हेल्थकेयर एनालिटिक्स क्षेत्र के भविष्य के लीडर्स होंगे प्रशिक्षित

सिटी रिपोर्टर | आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी की ओर से जयपुर कैंपस में 'एडवांसिंग हेल्थ केयर एनालिटिक्स फॉर बेटर हेल्थ आउटकम्स' विषय पर नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें देशभर से स्टूडेंट्स, रिसर्चर्स और इंडस्ट्री विशेषज्ञों सहित 500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट डॉ. पी.आर. सोडानी ने बताया कि आईआईएचएमआर की ओर से स्कूल ऑफ डिजीटल हेल्थ की शुरूआत की गई है, जहां हेल्थकेयर एनालिटिक्स क्षेत्र के भविष्य के लीडर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा और देश का पहला एमबीए (हेल्थकेयर एनालिटिक्स) प्रोग्राम चलाया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमने कोविड-19 से कई चीजें सीखी हैं। डॉ. सोडानी ने कहा कि तेजी से बढ़ते स्वास्थ्य क्षेत्र का नेतृत्व एवं प्रबंधन करने के लिए वर्तमान में हेल्थकेयर एनालिटिक्स प्रोफेशनल्स की भारी मांग है। इस कॉन्फ्रेंस में दो टेक्निकल सेशन आयोजित किए गए। इनमें 'डिजीटल ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ हेल्थ केयर इन इंडिया' और 'डेटा ड्रिवन हेल्थकेयर' विषय थे।